**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा–यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।
- मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने लोगों से अगले महीने महाकुंभ में भाग लेते हुए एकता की भावना अपनाने और समाज में विभाजन तथा नफरत को खत्म करने का आग्रह किया।
- मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार के नेतृत्व में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया।
- मध्योत्तर अंडमान के दूरसंचार विभाग एवं बी एस एन एल पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष तेरह जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है, बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया। महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का नारा देते हुए उन्होंने गंगा के निर्बाध प्रवाह की तरह अविभाजित समाज की उम्मीद भी व्यक्त की। श्री मोदी ने इस बार की महाकुंभ में ए आई चैट बोर्ड की भूमिका के विषय में भी बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले का पूरा क्षेत्र ए आई संचालित कैमरे से लेस किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से खोया और पाया केन्द्र की सुविधा भी मिलेगी

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार पन्द्रह से दो हजार तेईस के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने आज सुबह वरिष्ठ अधिकारियों, नागरिकों और विरासत के प्रति उत्साही लोगों के साथ अबरडीन हेरिटेज वॉक का नेतृत्व किया। इस दौरान अबरडीन के समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। यह वॉक नेताजी क्लब से शुरू होकर क्लॉक टॉवर, सप्लाई लेन, फायर ब्रिगेड, विकास भवन होते हुए अंडमान क्लब में आकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रतिभागियों को इन स्थलों के वास्तुशिल्प, प्रशासनिक और सांस्कृतिक विकास के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और द्वीपों की अनूठी विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के दूरसंचार विभाग एवं बी एस एन एल पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत अंडमान निकोबार सर्कल के संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय की ओर से रंगत के बी एस एन एल भवन में इक्कतीस दिसम्बर को दिन में ग्यारह बजे से लगेगी और अधिक जानकारी के लिए सहायक लेखा अधिकारी से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पूणे महाराष्ट्र में चल रहे सात दिवसीय सैंतीसवीं राष्ट्रीय अंडर–9 शतरंज चैम्पियनशिप में देशभर से पांच सौ सत्तर युवा शतरंज प्रतिभाएं भाग ले रही है, जिसमें तीन सौ चौसठ लड़के और दो सौ छह लड़कियां शामिल है। द्वीपों के पांच होनहार खिलाडी भी इस चैम्पियनशिप में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**<><><><><><><>**

प्रदेश कॉंग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी. एस. जी. भास्कार और अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता के. मुथु जी के निधन पर शोक प्रकट किया है।

**<><><><><><><>**

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। आम जनता से चालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूले जाने से संबंधित प्राप्त शिकायत के बाद विभाग ने ऑटोरिक्शा मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धारा चौहत्तर और धारा छियानबे के अनुसार ऑटोरिक्शा और टैक्सी वालों को इस मामले में किराया मीटर लगाने और उसे उचित कार्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कहा है। ऑटोरिक्शा परमिट धारकों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है। उल्लंघन करने पर ऑटों चालकों के परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं। परमिट शर्तों पर सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद द्वीपसमूह के लिए लागू ऑटोरिक्शा किराए में संशोधन किया है तथा ऑटो–रिक्शा परमिट धारक और चालकों को अपने किराया मीटर को नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के मापतौल संभाग से अधिसूचित किराया मीटर और स्टैम्प लगवाने को कहा है। ऑटोरिक्शा मालिकों को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किराया चार्ट को अपने ऑटोरिक्शा में प्रदर्शित करना होगा। किराया मीटर के अनुसार ही वसूले जाने चाहिए। निर्धारित ऑटो किराए से अधिक शुल्क लेना, यात्रियों के अनुरोध के अनुसार ऑटोरिक्शा चलाने से इनकार करना तथा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा।

आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऑटोरिक्शा चलाने से मना करने, यात्रा शुरू होने से पहले किराया मीटर न लगाने तथा अत्यधिक शुल्क लेने आदि के संबंध में अपनी शिकायतें परिवहन सचिव, को ऑटोरिक्शा की पंजीकरण संख्या तथा शिकायत के विवरण के साथ भेजें और दिए गए नम्बरों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में सत्रह मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में छह दशमलव आठ, श्री विजयपुरम में तीन दशमलव पांच, कार–निकोबार में तीन और ननकौड़ी में शून्य दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

**<><><><><><><>**